# T.T. समाचार ई-पत्रिका

Vol. 1, Issue-1

T.T. SAMACHAR e-Patrika

Reg. No. D(D)-407 | No. F.2 (T/215)

E.: ttsamachar@ttlimited.co.in | W.: www.ttlimited.co.in

अप्रैल 2023



## सम्पादकीय

टी.टी. ब्रांड के बारे में तथा टी.टी. ब्रांड से जुड़े हुए प्रोमोटर, डायरेक्टर, मैनेजर्स, एस्क्युटीव, इंजीनियर्स, अकाउंटेंट, स्टाफ, डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, एजेंट्स, सेल्समैन, सप्लायर्स सभी के सम्बन्ध में आपस में जानकारी और सम्बन्ध को ओर अच्छा बनाने के लिए सन् 1974 में पहली बार टी.टी. समाचार पत्र भारत के पत्र–पत्रिकाओं के रजिस्टर में (रजिस्ट्रार न्यूज पेपर ऑफ इंडिया, रजि. न. (Reg. No. D(D)-407, No. F.2 (T/215 ) एवं डाक विभाग से आवश्यक अनुमति लेकर प्रकाशित किया गया और करीब 10 हजार कॉपियां प्रति माह भेजी जाती थी।

अभी कुछ वर्षों से डाक के द्वारा समाचार पत्र भेजना महंगा और असुरक्षित हो गया है, इसलिए सोशल मीडिया, आई.टी. के जमाने में अब टी.टी. ब्रांड की तरफ से मासिक टी.टी. समाचार पत्र इ–पत्रिका के स्वरुप में आपको निरन्तर भेजी जाएगी। यह कार्यभार अब महेंद्र सिंह राणा (9899170717) और जगजीत सिंह (9540454581) को सौंपा गया है। अधिक से अधिक से सुलभ और सही सटीक जानकारियां आप तक प्रस्तुत करेंगे।

सभी पाठकों से, व्यापारियों से और ऊपर लिखे सभी तरह के टी.टी. परिवार और टी.टी. ब्रांड से जुड़े हुए लोगों से निवेदन है कि वह अपने व्यक्तिगत, अपने परिवार और अपने व्यापार के समाचार भेजें। बाजार के हालात के बारे में अपने सुझाव, टी.टी. ब्रांड को आगे बढ़ाने के बारे में नई क्वालिटी, नई रेंज के बारे में, ग्राहकों के विचार हर तरह के आप नि:संकोच भेजे। आप फोटोग्राफ, बच्चों की पेंटिंग, छोटी कविता या सदविचार हर तरह के समाचार जो हमारे पाठक पढ़ने में इच्छुक हो ऐसे अवश्य भेजे।

आप समाचार इस ई–मेल ttsamachar@ttlimited.co.in या 9540454581 व्हाट्सप्प पर भेजे।





## टी.टी. की एक और फैक्टरी का भूमि पूजन

पश्चिम बंगाल होजरी पार्क जगदीशपुर, हावड़ा कोलकाता में टी.टी. फैक्टरी परिसर में श्री संजय जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर और श्रीमती ज्योति जैन ज्वांइट मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा 26 जनवरी, 2023 को भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के बाद भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। इस फैक्ट्री के उत्पादन शुरु होने पर एक्सपोर्ट और पूर्वी भारत के ग्राहकों के लिए, डीलर्स, उपभोगताओं के लिए सहूलियत रहेगी।


T.T. ई-कैटलॉग के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

नई रेंज T.T. PRINTS / T.T. JERSEY

# पहनावे में बदलाव

खाना खाये अपने पसन्द का, कपड़ा पहने लोगों की पसन्द का। प्रत्येक व्यक्ति अच्छा लगना चाहता है, अच्छा दिखना चाहता है। टी.टी. के सभी गारमेंटस इनरवियर, आउटरवियर हर किसी पहनने वाले को अच्छा लगता है तो अच्छा दिखता भी है। टी.टी. जैसा और आराम कहाँ।

पुरानी चीजें, पुरानी स्टाइल, पुराना तौरतरीका कपडे की तुलना में नया डिजाइन, नया रंग, नया प्रिंट, नया स्टाइल और ज्यादा अच्छा दिखता, पसन्द आता है। आदिकाल से मानव के पहनावे में बदलाव आता रहा है, हाल के वर्षों में पहनावे में जो बदलाव आये है वो काफी बुने हुए कपड़ों की जगह निट्टिंग कपड़ों की तरफ मुड़ा है। 40 साल पहले भारत में करीब 15 प्रतिशत कपडे निट्टेड होते थे। अब 50 प्रतिशत से ऊपर है और आगे आने वाले वर्षों में यह प्रतिशत और भी बढ़ने की उम्मीद है। इसका मुख्य कारण है कि निट्टेड कपडा अच्छी फिटिंग देता है, अच्छा दिखता है, आराम अधिक रहता है, बॉडी के साथ संतुलित रहता है।

नई स्टाइल, नए डिजाइन के बारे में सभी व्यापारी बंधुओं के सुझाव आमंत्रित हैं। व्यापारी बंधुओं निट्टेड गारमेंट का आपका व्यापार और बढ़ेगा। जो लोग निट्टेड गारमेंट अपने व्यापार में नहीं ग्राहकों को दे रहे है उन्हें इसकी शुरुआत करनी चाहिए। इसके लिए आप हमारे सेल्स डिपार्टमेंट को सम्पर्क अवश्य करें:– 033–22355466

## पुरुषों का पहनावा

| गई | | आई | |
|---|---|---|---|
|  | धोती-लुंगी |  | पैंट |
|  | कच्छा |  | अंडरवियर |
|  | पायजामा |  | ट्रैक पैंट एवं निटिंग जींस |
|  | हाफ पैंट |  | केपरी एवं बरमूडा |
|  | बंडी |  | बनियान |
|  | शर्ट / कमीज |  | टी-शर्ट एवं पोलो टी-शर्ट |
|  | स्वेटर |  | स्वेट शर्ट एवं जैकेट |
|  | कोट-पैंट |  | वेलवेट जैकेट एवं निट्टेड पैंट |
|  | नेहरु जैकेट |  | मोदी जैकेट |
|  | पगड़ी |  | कैप |

## महिलाओं का पहनावा

| गई | | आई | |
|---|---|---|---|
|  | साड़ी |  | टॉप एवं लेग्गिंग |
|  | सूट-सलवार |  | जींस एवं पोलो टी-शर्ट |
|  | ब्लाउज |  | स्पोर्ट्स ब्रा एवं पोलो टी.-शर्ट एवम् टॉप |
|  | चूड़ीदार |  | लेग्गिंग |
|  | घागरा |  | मैक्सी एवम् गाउन |
|  | सिर की गर्म टोपी |  | हुड्डी |
|  | स्वेटर |  | स्वेट शर्ट एवं जैकेट |
|  | स्लिपर |  | स्लिपर टाइप जुराब |
|  | जूता भी जा रहा है |  | जुराब के नीचे तलिया आ रहा है |
|  | अदब के कपडे कम हुए |  | सेक्सी केजुएल वियर चले |

# 49 वर्ष पहले

Reg. No. D(D)-407
No. F. 2 (T/215)

(T.T.)
# टी.टी. समाचार
T.T. SAMACHAR

Vol. 2 | 15th January 1975 | No. 1

## टी० टी०

बनियान-गंजी-जांघिये-अन्डरवीयर









## टी० टी०
### मरसराइजड लकजरी अन्डरवीयर

नव वर्ष के शुभ आरम्भ में टी० टी० ने पुरुषों के अन्डरवीयर में अति लाजवाब एवं बेहद आरामदेह क्वालिटी पेश की है। अब तक प्राप्त बाजार में काटन अन्डरवीयरस में यह सर्वोत्तम एवं सर्वश्रेष्ठ उत्पादन है। क्वालिटी का नाम "टी० टी० मरसराइजड लक्जरी" रखा गया है। इसे इजीपसीयन काटन के मरसराइजड धागे से आधुनिकतम नीटिंग से तैयार कर मजबूत मरसराइजड धागे से सिलाई किया गया है। अन्डरवीयर में इम्पोर्टिड रबर का बना नाइलान इलास्टिक व्यवहार किया गया है। वन-पीस पेकिंग में शुरुआत में इसके 150/- प्रति दर्जन रेट रखे हैं। पुरुषों के लिये इससे बेहतर और कोई किस्म का अन्डरवीयर नहीं है।

इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि नाइलन की अपेक्षा सूती धागे से बना अन्डरवीयर अधिक स्वास्थ्य-प्रद एवं आरामदेय रहता है। नाइलन के अन्डरवीयर से अपेक्षाकृत अधिक आराम और नाइलन के कपड़े से चमड़ी पर होने वाले दुष्प्रभावों से बचाये रखने की क्षमता ही "टी०टी० मरसराइजड अन्डरवीयर" की अनुपमता है। ●

## श्री बनारसीलाल कथुरिया

गया (बिहार)

आप टी० टी० के गया जिले के एकाधिकार प्राप्त वितरक हैं। आप की फर्म मैसर्स मंगलदास दर्शनलाल काफी वर्षों से हौजरी व्यवसाय में लग्न है एवं गया जिले में अपना प्रभुत्व रखती है। फर्म के सभी साझीदारों की व्यापार कुशलता, शुद्ध व्यवहार एवं कार्यलग्न सराहनीय है।









गरीबी में सिर्फ बनियान, कच्छा और पायजाम ही साथ रहता है।

**श्री गोकुल पिल्ले : आर्टिफिसियल इन्टेली जेन्स आर्टिस्ट ने कल्पना करके बताया**

## कि अगर आज की दुनिया के अमीर

## अगर गरीब होते तो कैसे दिखते?



T.T.

के बनियान, कच्छे, पायजामे
आपके साथ सदैव रहते है,
आपकी बॉडी को भी समझते है और
आपको टी.टी. से अधिक आराम कहाँ मिलेगा।

## गरीब हो या अमीर हो,

टी.टी. सबके साथ, सबका विश्वास
टी.टी.

साभार : हिन्दुस्तान टाईम्स

## गारमेंट उत्पादन और बिक्री में सुधार होने से कारोबार बढ़ने की उम्मीद

स्थानीय स्तर पर गारमेन्ट में बिक्री बहुत अच्छी होती है। बिक्री का यह सीजन लम्बा है, इसलिए गारमेन्ट सहित कपड़ों में कारोबार अच्छा रहने की सम्भावना है। होली के बाद गारमेन्ट्स की बिक्री होगी। गारमेन्ट इकाइयों का कोरोना महामारी के दौरान कमजोर ऑर्डर और यार्न के ऊंचे भाव के कारण बहुत सहन करना पड़ा था, लेकिन अब इकाइयों में उत्पादन बढ़ाने के लिए बाजार उपलब्ध है, साथ ही यार्न के भाव उचित स्तर पर होने से लागत को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। अब स्थितियां पूरी तरह से बदल चुकी है।

स्थानीय मांग के साथ गारमेन्ट का निर्यात कारोबार भी बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसमें अधिकतर फैंसी वैरायटी शामिल है। लेडीज वियर, किड्स वियर, ट्राउजर बनाकर वैश्विक बाजारों में निर्यात बढ़ाया जा सकता है।

MADE IN INDIA

## मेड-इन इंडिया ब्रांड को बढ़ावा देने के लिए सरकार कर रही काम

सरकार देश में बने ब्रांड को और बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है,इसके लिए उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग एक नई औद्योगिक नीति पर काम भी कर रहा है, इसमें इंडस्ट्री के लिए फंडिंग सोर्स को बढ़ाने और 'मेड इन इंडिया' ब्रांड के लिए एक नई योजना का प्रस्ताव है।

फॉरेक्स रिजर्व का भी होगा इस्तेमाल एजेंसी सूत्राों के मुताबिक नीति में उद्योग तक वित्त की व्यापक पहुंच के लिए विभिन्न तरीकों का सुझाव दिया जाएगा। इसमें प्रतिस्पर्धी दरों पर वित्त मुहैया कराने के लिए एक विकास वित्त संस्थान की स्थापना करना, साथ ही इस तरह के वित्त पोषण के लिए विदेशी मुद्रा भंडारण के कुछ हिस्से के इस्तेमाल पर भी विचार किया जा रहा है।

**नए प्लान में क्या होगा?** औद्योगिक नीति 2022 पर बयान – दुनिया के लिए मेक इन इंडिया का मसौदा विभिन्न मंत्राालयों के पास उनके सुझावों के लिए भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक प्रस्वावित नीति का लक्ष्य देश में एक अभिनव और प्रतिस्पर्धी इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। साथ ही कुछ नीतिगत उपायों के जरिए उद्योग के मुद्दों और चुनौतियों का समाधान करना है।

**सरकार किन नीतियों पर कर रही काम?** इस मकसद को हासिल करने के लिए जिन क्षेत्रों की पहचान की गई है, उनमें प्रतिस्पर्धा और क्षमता पर ध्यान देना, आर्थिक एकीकरण और वैश्विक मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाना, भारत को एक आकर्षक निवेश डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ावा देना, इनोवेशन और उद्यमिता को प्रोत्साहन और वैश्विक मानकों को हासिल करना शामिल है।

## भारत में बने ब्रांड ही सस्ते और अच्छे – जैसे टी.टी.

डेविड ब्रिन्बॉम ने ग्लोबल प्लानिंग की पत्रिका में सम्पादकीय में लिख कि अमेरिका की गारमेंट्स इंडस्ट्री परेशान है। अमेरिका में बने महंगे कपड़े वह नहीं खरीद पा रहे है। अतरू आर्थिक मंदी (कोविड–19) और भविष्य में मंदी की धारणा के देखते हुए अमेरिका की तुलना में भारत जैसे देश की सस्ती, सुन्दर गारमेंट्स ही बिकेंगे।

याद रहे सभी अमेरिकन ब्रांड भारत ने माल बनवा रहे है। बहुत से विदेशी ब्रांड खुद कोई से कोई भी फैक्टरी नहीं रखते है कहीं भी। भारत, चीन, श्रीलंका, बांग्लादेश, वियतनाम आदि से बनवाते है और ब्रांड नाम अपना लगाते है तथा चार गुना पैसा वसूलते है। भारत के व्यापारियों को टी.टी. जैसे देशी ब्रांड को ही प्राथमिकता देनी चाहिए और कंजूमर को विदेशी ब्रांड के द्वारा लोगों को बचाना चाहिए।

## ।। भावपूर्ण श्रद्धांजलि ।।



13.03.2023 को पद्मश्री श्री वीरेन्द्र राज जी मेहता का देहत्याग निधन हुआ। मेहता जी अनेक वर्षों तक टी.टी. लिमिटेड के डायरेक्टर रहे।



16.03.2023 को टी.टी. लि. के मार्केटिंग सेल्स मैनेजर श्री राजीव जैन के बड़े भाई श्री संजीव जैन की दुर्घटना से कलकत्ता में असामाजिक समय निधन हुआ। उन्होंने देह दान और नेत्रदान दिया।



16.03.2023 को टी.टी. लिमिटेड के सेल्समैन मैनेजर श्री रितेश सिंह के बड़े भाई श्री उमेश सिंह का आस्मिक निधन हुआ।



टी.टी. लि. के एकाउन्टेंट मैनेजर श्री विमल जैन की माताश्री अनन्य गुरुभक्त, श्रद्धानिष्ठ, धर्मनिष्ठ सुश्राविका श्रीमती कमला देवी जी धर्मसहायिका वीरभ्राता स्व. प्रेमचन्द गाँधी (पीपाड़ वाले) का 21.03.2023 को सागारी संथारापूर्वक देवालोकगमन हो गया। सुश्राविका देव, गुरु, धर्म एवं रत्नसंघ के प्रति समर्पित थीं।

## सरकार ने टेक्सटाइलसेक्टर को मिले 67 में से 61 प्रस्तावों को दी मंजूरी

टेक्सटाइल सेक्रेटरी यूपी सिंह ने बताया है कि केन्द्र सरकार ने टेक्सटाइल सेक्टर के लिए मिले 67 पीएलआई आवेदन में से 61 आवेदनों को मंजूरी दे दी है। उन्होंने आगे कहा कि मंजूर आवेदनों के जरिए 19,077 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है, जिसका अनुमानित टर्नओवर 1,84,917 करोड़ रुपये रह सकता है।

बता दें कि सरकार ने पिछले साल दिसंबर में एमएमएफ अपरैल, एमएमएफ फैब्रिक और टेक्निकल टेक्सटाइल जैसे तमाम टेक्सटाइल उत्पादों के लिए पीएलआई स्कीम लॉन्च की थी। इस स्कीम का लक्ष्य भारत की टेक्सटाइल उत्पादन और एक्सपोर्ट क्षमता को बढ़ाना है। इस स्कीम को 2021 में कैबिनेट से मंजूरी मिली थी।

बता दें कि केन्द्र सरकार ने 8 सितंबर 2021 को टेक्सटाइल सेक्टर के लिए 10,683 करोड़ रुपये के प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम का ऐलान किया था। इस पर टेक्सटाइल मिनिस्ट्री द्वारा जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक सिर्फ देश में ही रजिस्टर्ड मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों को इसका फायदा मिलेगा और इस स्कीम के तहत हिस्सा ले सकेंगी। मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक इस स्कीम के तहत आने वाली कंपनियों को अपने कारखानों में प्रोसेसिंग व ऑपरेशन एक्टिविटीज करनी होगी।



## व्यापार अच्छा चलने की उम्मीद

वर्तमान समय में बाजार में व्यापारी वर्ग में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। होली पर्व के समय बाजारों में ग्राहकी का अभाव तो रहता ही है व मार्च माह में यह पर्व है और साथ ही वित्तीय वर्ष 2022–2023 का अंतिम माह है व्यापारी वर्ग मार्च समाप्ति में व्यस्त रहेंगे। अतः इस समय में व्यापार थोड़ा मंदा रहेगा।

अप्रेल माह में ही वित्तीय वर्ष का नववर्ष के बाद व्यापार अच्छा चलने की उम्मीद है।

आशा है शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। आगामी 2–3 माह में होलसेल, सेमी होलसेल व रिटेल बाजारों में ग्राहकी अच्छी रहेगी।

ब्रांडेड वस्त्रों में रुझान अच्दा है, ऑनलाइन खरीदी से भी दुकानदारों की ग्राहकी में फर्क पड़ा ही है।

आशा है अप्रेल माह से 2–3 माह भरपूर ग्राहकी चलना चाहिए ताकि व्यापारी वर्ग सन्तुष्ट हो सके।

## टी.टी. गारमेन्ट की हाल ही में हुई डीलर्स कॉन्फ्रेंस की फाटो



उदयपुर, राजस्थान


नैनीताल, उत्तराखंड


नैनीताल, उत्तराखंड


उदयपुर, राजस्थान


गुवाहाटी, असम


गुवाहाटी, असम

# टी.टी. लिमिटेड ने हाल ही में भारत अन्तर्राष्ट्रीय गारमेन्ट मेला में हिस्सा लिया



ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश



ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश



ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश



अविनाशी, तमिलनाडू


अविनाशी, तमिलनाडू


अविनाशी, तमिलनाडू

T.T. Garments

Now Order & Buy Online

## WHOLESALE ONLINE

Indian Brand 650 new styles for Selling in 65+ Countries

| 9363003152 | 9331294368 | 9990257074 | 9899170717 |
|---|---|---|---|
| Tirupur (T.N.) | Kolkata (W.B.) | DELHI | Uttar Pradesh |




INNER WEAR | CASUAL WEAR | SPORTS WEAR - MEN, WOMEN & KIDS

**Benefits of Online Orders**

Saves Your Time • See E-Catalogue & Call to place order • Online order get quick fast delivery • You get best treatment & benefits • Local Distributors may not have all 650 items to sell • You can expand your Sales, Business and Profits.

## फायदा ही फायदा

## T.T. bazaar

सिंगल ब्रांड दुकान खोले



87002 40387 | टी.टी. गारमेन्ट्स ई-कैटलॉग देखे

## T.T. ब्रान्ड यार्न

दुनिया के 65 देशों में पसन्द,

चीन में इम्पोर्टेड कॉटन यार्न में अनेक वर्षों से पहली पसन्द




98104 00831 | टी.टी. यार्न ई-कैटलॉग देखे

## T.T. फेब्रिक

अच्छे ब्रान्ड बनाने वाली फैक्टरियां खरीद रही हैं

## T T WORLD CLASS FABRIC




98430 40515 | टी.टी. फैब्रिक ई-कैटलॉग देखे




टी.टी. सामाचार (टी.टी. लिमिटेड) - 879, मास्टर पृथ्वीनाथ मार्ग, करोल बाग, नई दिल्ली - 110 005, दूरभाष 1800 1035 681, ई-मेल : newdelhi@ttlimited.co.in, वेबसाइट : www@ttlimited.co.in